तारखेडी में है तेरो निरालो धाम भजन लिरिक्स

तारखेडी में है तेरो निरालो धाम,
अंजनी का लाला बड़ा मतवाला,
दुनिया में इनका नाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम।bd।

एक दिन चिंता में बैठा हुआ था,
भक्तों ने मुझको देख लिया था,
मैंने भक्तों को कष्ट बताया,
तारखेड़ी का पता मुझको बताया,
करूण पुकार से बाला को पुकारा,
करूण पुकार से बाला को पुकारा,
साँचा है अंजनी का लाल,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम।bd।

सारे संसार में घूम लिया था,
चैन कहीं ना मैंने पाया था,
रोते रोते विपदा सुनाई,
द्वारे इनके मैं आया था,
कृपा आपकी हो गई बाबा,
कृपा आपकी हो गई बाबा,
हो गया मैं तो मालामाल,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम।bd।

दुख के बादल दूर हुए है,
मन में खुशियां छाई हुई है,
विश्वमंगल की मेहर बरस गई,
हर आँगन में आई दिवाली,
मात पिता तुम ही तो हमारे,
मात पिता तुम ही तो हमारे,
कर दिया बाला ने निहाल,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तारखेडी में है तेरो निरालो धाम,
अंजनी का लाला बड़ा मतवाला,
दुनिया में इनका नाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम,
तारखेड़ी में है तेरो निरालो धाम।bd।

गायक – सुनिल झुन्जे।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com